हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 24 .0 डिग्री


10 भगवान परशुराम अधर्म के खिलाफ जंग के मुख्य ध्वजवाहक थे





10 टी प्वायंट पर गोल चक्कर बनवाने की मांग




## खबर संक्षेप

### भाखडा ब्रांच में डूबने से व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव मोहलखेड़ा के निकट भाखड़ा ब्रांच नहर में नहाते समय डूबने से व्यक्ति मौत हो गई। गोताखोर की सहायता से डूबे व्यक्ति के शव को निकाला गया। सदर थाना नरवाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुरजाखेड़ा निवासी सोनू (28) मजदूरी करने गांव मोहलखेड़ा खेतों में गया था। दोपहर को गर्मी होने पर भाखड़ा ब्रांच नहर में नहाने उतर गया।

### 315 बोर देसी पिस्तौल सहित आरोपित दबोचा

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक 315 बोर देसी पिस्तौल बरामद हुआ।

### खाली बोतलों से हमला करने पर मामला दर्ज

**सफीदों।** सफीदों पुलिस ने युवक पर हमला करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिवानामाल निवासी सन्नी ने कहा कि 26 अप्रैल वह तथा दीपक, सूरज व अपनी बुआ के लड़के नवीन के साथ सिवानामाल हैड पर नहाने के लिए गए हुए थे। उसी समय तीन युवक फोन मिलाने के बहाने उनके पास आए। उन तीनों ने शराब पी हुई थी। इसलिए उसने फोन देने से मना कर दिया।

### मकान में 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिला

**कैथल।** पट्टी अफगान में मकान में 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिला है। शव बुरी तरह से गली हुई अवस्था में मिला। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि अधेड़ की मौत करीब 10 दिन पहले हुई है। मृतक के भाई ने हत्या कर शव को कमरे में रखने का अज्ञात पर आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### युवक के साथ मारपीट करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव करसिंधु में युवक के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने दो युवकों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव करसिंधु निवासी भागचंद ने बताया कि गली का निर्माण हो रहा था। जिसके लेवल में दिक्कत थी। विरोध करने पर आरोपित सोनू तथा संजय ने मजदूरों के साथ मिल कर उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### सैलून के मालिक व नौकर पर हमला

**कैथल।** क्योड़क गांव में सैलून के मालिक व उसके नौकर पर लाठी-डंडे और गंडासी से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सैलून मालिक की शिकायत आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। यही नहीं, आरोपियों ने दुकान में बाल कटवाने के लिए कुर्सी पर बैठे एक ग्राहक के पर ही हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

### भतीजी से अश्लील हरकत करने पर चाचा नामजद

**जींद।** उचाना थाना इलाका गांव में घर में घुस कर नाबालिग भतीजी से अशील हरकत करने तथा धमकी देने पर पुलिस ने आरोपित चाचा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 27 दोपहर को उसकी 16 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** थाना चीका क्षेत्र के एक गांव की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना चीका पुलिस की लेडी एएसआई बबीता द्वारा पीड़िता के पति गांव गगड़पुर निवासी कपुर राम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 6 मार्च 2011 को कपुर राम उपरोक्त के साथ हुई थी।

## अक्षय तृतीया आज, ज्वैलर्स से लेकर फोटोग्राफर तक सब बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अक्षय तृतीया (अखा तीज) बुधवार को है। जिलाभर में बुधवार को विवाह समारोहों की धूम रहेगी और युवा भी खूब विवाह बंधन में बंधेंगे। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में कुछ बाल विवाह भी हो सकते हैं। जिसके चलते अगर आज आपके घर या परिवार में किसी की शादी है तो शादी की रस्मों को अदा करने के साथ-साथ दुल्हा व दुल्हन की आयु का प्रमाण पत्र भी साथ रखना अनिवार्य होगा। जिला में बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाली शादियों पर जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की विशेष नजरें रहेगी।

# आज शादी की रस्मों को अदा करने के साथ-साथ दूल्हा व दुल्हन की आयु का प्रमाण पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा

### तमाम बैंक्वट हाल और धर्मशालाएं बुक

अक्षया तृतीया बुधवार को है और यह वह दिन होता है, जिसमें शादी के लिए पंडित से मुहुर्त निकलवाने की जरूरत नहीं होती। बुधवार को जींद जिले में सैंकडों शादियां शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में हो रही हैं। इन शादियों को लेकर तमाम बैंक्वट हाल और धर्मशालाएं बुक हैं। यह बुकिंग-डे एंड नाइट की है। पार्कों तक में उन लोगों ने शादी के लिए टैंट लगा दिए हैं, जो बैंक्वट हाल या धर्मशाला की बुकिंग नहीं करवा पाए। एक-एक पार्क में टैंट लगाए गए हैं। गलियों में भी जगह मिली है तो वहां शादी के लिए टैंट लगाए गए हैं। फोटोग्राफर की बुकिंग पहले हो चुकी है। वह भी कई-कई बुकिंग उठा चुके हैं। टैक्सी वालों ने भी दिन के लिए अलग और रात के लिए अलग बुकिंग कर ली है। मनमाने रेट पर यह बुकिंग हुई हैं। इसी तरह हलवाई भी बेहद व्यस्त हैं। एक-एक हलवाई के पास कई-कई बुकिंग हैं। वहीं होटलों में डे एंड नाइट की बुकिंग शादी को लेकर हो चुकी है। तमाम बैंकेट हाल की यही हालत है। धर्मशाला तक खाली नहीं हैं।

### शादियों पर रहेगी अधिकारियों की नजर, टीम अलर्ट

#### मुहुर्त फायदेमंदः प्रदीप

प्रदीप ज्वैलर्स के प्रदीप भोला ने बताया कि सोने के रेट बढने के बावजूद बुधवार को अक्षय तृतीया को लेकर ज्वैलर्स के पास अच्छे आर्डर आए हैं। यह मुहुर्त ज्वैलर्स के लिए अच्छा रहेगा। लाखों रुपये के जेवरात इस मुहुर्त में बेचे गए। इसी तरह बत्तख चौक के पास के फूल वाले दीपक का कहना है कि अक्षय तृतीय को लेकर गाड़ी सजाने के लिए एडवांस बुकिंग है। सुबह ही गाडियों को सजाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। फूल बेचने वालों से लेकर दुल्हे की कार सजाने वालों को सांस लेने की फुर्सत नहीं होगी।

#### कम हो रहे बाल विवाह

जिला में बाल विवाह को लेकर लगातार लोग सजग हो रहे हैं। हालांकि अभी भी बाल विवाह के मामले सामने आ रहे हैं। जिन्हें रूकवाया भी जा रहा है। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने बताया कि वर्ष 2022-23 की बात की जाए तो बाल विवाह के 23 मामले सामने आए थे। इसके बाद वर्ष 2023-24 में 12 मामले सामने आए थे। वर्ष 2024-25 वित्त वर्ष में महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय की टीम ने तीन बाल विवाह को रूकवाया है। वर्ष 2025 में अबतक तीन बाल विवाह के सामने आ चुके हैं।

### अक्षय तृतीया तिथि को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त माना गया : शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि इस बार 30 अप्रैल को पड़ रही अक्षय तृतीय बेहद खास रहने वाली है। 23 साल बाद अक्षय तृतीया रोहिणी नक्षत्र में आ रही हैं। इस बार अक्षय तृतीया पर रोहिणी नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। जिसके चलते इस दिन शादी करना, गृह प्रवेश, खरीदारी करना, मकान खरीदना आदि बेहद शुभ रहेगा। हालांकि अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त निकाले ही शादियां होती हैं और साथ ही भगवान परशुराम की जयंती भी मनाई जाती है और उनकी पूजा अर्चना की जाती है। इसके अलावा लक्ष्मी की पूजा अर्चना की जाती है। रोहिणी नक्षत्र के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बनना भी सभी के लए लाभदायक है। इस दिन जो भी कार्य किए जाते हैं, वो जीवनभर के लिए शुभकारी होते हैं।



नरवाना। बैठक में दिशा-निर्देश देते मंत्री बेदी। फोटो :हरिभूमि

## गर्मी के मौसम में नहीं होने दी जाएगी पेयजल की कमीः बेदी

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बैठक में दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि आमतौर पर गर्मियों के मौसम में पीने के पानी की कमी हो जाती है। पानी की इस कमी को देखते वे लगातार अधिकारियों के सम्पर्क में है और नरवाना विस क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी नागरिक को पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी। यदि समस्या आती भी है तो वे स्वयं अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान करेंगे। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी पीने के पानी की समस्या को देखते संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। हाल ही में नहरों की मरम्मत के लिए पानी रोका गया था। कहा कि पंजाब सरकार ने हरियाणा में नहरी पानी रोकने का निर्णय लिया हैए जो पूर्णतया असंवैधानिक है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार इस संदर्भ में पंजाब सरकार से सम्पर्क में हैं। कैबिनेट मंत्री बेदी ने कहा कि पीने के पानी की कमी को देखते सीईओ जिला परिषद, एक्सईन इरिगेशनए पब्लिक हैल्थ, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ योजना तैयार कर ली गई है और प्रत्येक पार्षद, नगर परिषद के सभी अधिकारी और उनका स्वयं का पूरा स्टाफ भी पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी छुट्टी नहीं लेगा और न ही कोई लापरवाही सहन की जाएगी। जब भी जरूरत पड़ेगी सभी अधिकारी मौजूद रहेंगे। जहां पर पानी नहीं पहुंच रहा है वहां पर टेकरो से पानी पहुंचाया जाएगा। मंत्री ने नागरिकों से अपील करते कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की संभावित किल्लत को देखते कुछ गैर जरूरी काम इस समय स्थगित करें।

### अधिकारियों ने समस्या के समाधान का आश्वासन देकर किया शांत

# पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने जींद- पटियाला नेशनल हाइवे रोका

### नरवाना के जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सामने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना में कुछ इलाके मे पेयजल की समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के बाहर मंगलवार को जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। इस दौरान खफा लोगों ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों के बिफरने की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस तथा जनस्वास्थ्य के एसडीओ मौके पर पहुंचे और समस्या का समाधान का अश्वासन देकर लोगो को शांत कर जाम खुलवाया। नरवाना के रहबारी तथा चोपड़ा पत्ति के लोगों का मंगलवार को सुबह उस समय धैर्य जवाब दे गया जब अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी मोहल्ले में पेयजल स्पलाई नही आई। गुस्साए लोग जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय के बाहर जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर पहुंच गए और जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों का कहना था कि उनके मोहल्ले में एक पखवाड़े से पेयजल की दिक्कत बनी हुई है। यह इलाके ऊंचाई पर है। जिसके चलते पानी उनके घरों तक नही पहुंच पा रहा है। जिसके बारे में अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। बावजूद इसके उनके लिए पेयजल का कोई प्रबंध नही किया गया है।

### पिछले एक पखवाड़े से नरवाना के कुछ इलाकों में बूंद-बूंद को तरस रहे लोग



जींद। पेयजल किल्लत को लेकर जाम लगा रोष जताते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### जल्द होगा समस्या का समाधान

अधिकारियों को एक ही रटा रटाया जवाब मिलता है, भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे हालातों में पेयजल की किल्लत के चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के बिफरने की सूचना पाकर शहर थाना नरवाना पुलिस तथा जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। जिस पर लोग शांत हो गए और जाम को खोल दिया।



जींद। जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में पहुंचे पार्षद और चेयरमैन। फोटो :हरिभूमि

#### पार्षद और चेयरमैन पहुंचे जनस्वास्थ्य कार्यालय

**जींद।** जुलाना कस्बे में लगातार सभी वार्डों में पेयजल सप्लाई में गंदा पानी आने की शिकयतें मिलने पर जुलाना नपा के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा मंगलवार को पार्षदों के साथ जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय पहुंचे और जल्द समाधान के बारे में कर्मचारियों से विचार-विमर्श किया। चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि जुलाना के कई वार्डों में पेयजल सप्लाई में गंदा पानी आ रहा है। लोगों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जो पानी सप्लाई किया जाता है वो किसी भी लिहाज से पीने लायक नही है। गंदा पानी पीने से स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। चेयरमैन ने जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी को पीकर जांच की और पार्षदों को भी पानी पिलाया। पार्षदों ने कहा कि उनके वार्डों में यह पानी सप्लाई नही किया जा रहा। वहां पर काफी गंदा पानी सप्लाई किया जा रहा है तो कर्मचारियों ने बताया कि यहां से तो पानी साफ ही भेजा जाता है लेकिन कई जगह लाइन लीकेज के कारण गंदा पानी सप्लाई में चला जाता है। जल्द ही जुलाना में पेयजल किल्लत का समाधान किया जाएगा जुलाना नपा चेयरमैन डा. संजय ने कहा कि जुलाना कस्बे से पेयजल और सीवरेज की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए सरकार ने 51 करोड़ की मंजूरी दे दी है।

## पांच हजार से अधिक एमटीपी किट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्वास्थ्य विभाग के साथ ड्रग्स कंट्रोल विभाग और एंटी नारकोटिक कंट्रोल की टीम ने शहर के चंदाना गेट स्थित एक मकान पर दबिश देकर पांच हजार से अधिक एमटीपी किट बरामद की है। बता दें कि इस मामले में संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के बाद मंगलवार दोपहर के समय मकान में दबिश दी। इसके बाद किट व प्रतिबंधित गोलियों को अपने कब्जे में लिया। दरअसल, ये किट एक मकान में किराये पर कमरा लेकर बेची जा रही थी। जांच में सामने आया कि जिस आरोपी के पास से ये किट बरामद हुई, उसके पास इन्हें रखने संबंधित कोई



स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरामद की दवाइयां

लाइसेंस इत्यादि भी नहीं पाया गया। जांच के दौरान 5805 एमटीपी किट, 660 अनवांटेड 72 की गोलियां व 1536 मैनफोर्स की गोलियां बरामद हुई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि जिस व्यक्ति से किट बरामद हुई, उसने कोई लाइसेंस नहीं लिया था और करीब दो साल से अवैध तरीके से इनको बेच रहा था। स्वास्थ्य विभाग के पीएनडीटी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. गौरव पूनिया ने बताया कि सूचना पाकर उनकी टीमें मौके पर पहुंची थी। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कैथल में चंदाना गेट पर विकास नामक व्यक्ति अवैध रूप से दवाइयां सप्लाई करता है। इस संबंध में उन्होंने स्थानीय प्रशासन से बातचीत की। सर्च के दौरान आरोपी के पास गोलियां व एमटीपी किट बरामद की। इस मामले में शहर थाना में शिकायत दर्ज करवा दी है। ये दवाएं गर्भ गिराने के काम में प्रयोग की जाती हैं। आरोपी किराये के मकान में रहता है। इसके मालिक को भी इस बारे में सूचना दी गई। ये कहां से इन दवाओं को लाता था और कहां बेच रहा था। इसके बारे में पूछताछ की जाएगी।

## मृतका के पति ने बेटे पर लगे आरोपों को नकारा

- नाबालिग बेटे द्वारा मां की हत्या मामले में आया नया मोड़
- दूसरे दिन भी पुलिस जांच में जुटी आरोपी की नहीं हो पाई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिरटा गांव में नाबालिग बेटे की ओर से मां की हत्या मामले में पुलिस मंगलवार को दूसरे दिन भी जांच में जुटी रही, लेकिन दूसरे दिन भी आरोपी की गिरफ्तार नहीं हो पाई। वहीं, मृतका मूर्ति देवी के पति कुलदीप ने अपने बेटे पर लगे आरोपों का नकारा है। कुलदीप का कहना है उसका बेटा अकेले अपनी मां की हत्या नहीं कर सकता है। उसकी पत्नी ने परेशानी होकर ही आत्महत्या की है। बता दें कि इस मामले में मृतका मायके पक्ष से उसके भाई डोहर गांव निवासी विनोद की ओर से दी गई शिकायत पर मृतका के बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया था। अभी तक मृतका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट नहीं आई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारणों पर जानकारी मिल पाएगी। इस मामले में मृतका के पति कुलदीप का कहना है कि जिस समय यह घटना हुई, उस समय वह आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में गया हुआ था। कम शाम को कैथल आया है। उसका बेटा अकेले अपनी मां को नहीं मार सकता है। कुलदीप का कहना है कि शायद उसकी पत्नी ने आत्महत्या ही की है।

#### मृतका के भाई के बयान पर केस दर्ज

सदर थाना कैथल प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया है कि पुलिस ने डॉक्टरों के बोर्ड से मृतका का पोस्टमॉर्टम करवाया है। रिपोर्ट आनी अभी बाकी है। पुलिस ने मृतका के भाई के बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू की थी।

#### मृतका के भाई ने पुलिस को दी सूचना

मामले में हत्या से पहले भी इस संबंध में अपने मामा को फोन पर अपनी मां को मारने की धमकी दी थी। इसके बाद मां के शव को बेड पर छोड़कर फरार हो गया। उधर, कॉल आते ही मामा तुरंत गांव में पहुंचा। जहां उसे बहन की लाश मिली। उसने पुलिस बुलाई। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

#### भाई ने मुखाग्नि दी

शुरूआती जांच में सामने आया कि बेटा नशे का आदी था। वह मां से नशे के लिए 50 हजार रुपये मांग रहा था। मां ने जब कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है तो उसने उसकी हत्या कर दी। उधर, मृतका को आखिरी वक्त में पति का साथ भी नहीं मिल पाया। उसका पति प्रदेश से बाहर था। जिस वजह से महिला का उसके मायके में ही अंतिम संस्कार कर दिया। भाई ने ही मुखाग्नि दी।

## जींद : प्राइवेट अस्पताल में मरीज की संदिग्ध मौत

- परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर के एक निजी अस्पताल में एक मरीज की मौत हो गई। इस मामले में मरीज के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों के हवाले कर दिया है। मामले की जांच सिविल सर्जन करेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। जानकारी के अनुसार निकटवर्ती गांव सुंदरपुर के राजेश को 25 अप्रैल को जींद के निजी अस्पतला में दाखिल करवाया था। बताया है कि राजेश खेत में काम करते समय गिरा था। जिससे उसकी एक हाथ की हड्डी और एक पांव की हड्डी टूट गई थी। डॉक्टरों ने 26 अप्रैल को राजेश के हाथ की टूटी हड्डी का ऑपरेशन कर दिया था लेकिन पांव पर अधिक सोजिश होने से पांव की हड्डी का ऑपरेशन रोक दिया था। मृतक राजेश के भाई वीरेंद्र का आरोप है कि मंगलवार सुबह राजेश को हार्ट अटैक का दौरा आया। स्टाफ के माध्यम से डॉक्टर से बात की तो उन्होंने कहा कि जो इंजेक्शन दे रखे हैं वह लगा दो।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जला

- फायर बिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव धरौदी में शॉर्ट सर्किट के चलते दुकान में आग लगने से करियाना, स्टेशनरी सामान जल कर राख हो गया। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में लाखो रुपये का नुकसान हुआ है। गांव धरौदी निवासी बलबीर ने मकान के साथ करियाना, स्टेशनरी की दुकान



खोली हुई है। बीती रात दुकान में आग भड़क उठी, जिसने कुछ ही क्षण मे विकराल रूप धारण कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब राहगीरों ने दुकान से आग की लपटें उठती दिखाई दी। लोगों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग फैलती चली गई। घटना की सूचना पाकर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान मे रखा करियाना सामान, स्टेशनरी जलकर राख हो चुकी थी। दुकान को भी काफी नुकसान पहुंचा है। दुकानदार बलबीर ने बताया कि शार्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगी है। दुकान में रखा करियाना का सामान तथा स्टेशनरी जलकर राख हो गई। घटना मे उसे लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

## सरकारी काम में बाधा डालने के मामले के दस आरोपी बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त सेशन जज डा. नंदिता कौशिक ने सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में 10 आरोपियों को शक का लाभ देते बरी कर दिया है। इन सभी के खिलाफ पुलिस सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह ने 20 जनवरी 2021 को थाना तितरम में सरकारी काम में बाधा डालने और भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट अजय कुमार गुप्ता, अर्पित गुप्ता, मंदीप सिंह, एसएस कुंडू, सतीश शर्मा, दिनेश त्यागी ने वकालत की। इसी मामले में एक अभियुक्त संदीप उर्फ भोला पीओ घोषित किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार 20 जनवरी 2021 को एसआई बलवान सिंह पुलिस टीम के साथ ओवर लोडिड वाहनों की चैकिंग के लिए थाना तितरम के पास मौजूद थे। युवक बाइक पर उनकी गाड़ी के पीछे चल रहा था तथा अपने फोन से पुलिस की लोकेशन किसी को दे रहा था। कुछ शक होने पर पुलिस ने रोक लिया। उसने अपना नाम अभिषेक उर्फ राहुल निवासी कैथल बताया। तलाशी ली तो उसके पास से फोन मिला जिसमें राम राम व जय श्री राम नाम से दो ग्रुप बने हुए थे।

## खबर संक्षेप

### इनेलो पार्टी का 28वां स्थापना दिवस मनाया

जींद। इनेलो कार्यालय में मंगलवार को पार्टी का 28वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया कि पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के प्रयासों से इनेलो पार्टी की स्थापना 29 अप्रैल 1998 को हुई थी। इस दिन पार्टी का चुनाव चिन्ह एनक पार्टी को पंजीकृत हो गया था। आज ओमप्रकाश चौटाला हमारे बीच में नही रहे, उनके द्वारा स्थापित पार्टी का प्रथम स्थापना दिवस उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करके मनाया गया।

### पांच किसानों के खेतों से पांच बिजली मोटर चोरी

जींद। गांव भम्भेवा में बीती रात चोरों ने पांच किसानों के खेतों से पांच बिजली मोटरों को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने किसानों की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भम्भेवा निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत में टयूब्वैल पर रखी बिजली मोटर को चोरी कर लिया। इसी प्रकार उसके पड़ोसी किसान हरदीप, कृष्ण, संदीप, देवेंद्र के खेतों से भी बिजली मोटरों को चोरी कर लिया।

### कमरे से इन्वर्टर और बैट्री चोरी, मामला दर्ज

जींद। बड़ा बीड वन के निकट खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घिमाना निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बड़ा बीड वन के निकट खेत मे इन्वर्टर तथा बैटरी रखी हुई थी। बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर तथा बैटरी को चोरी कर लिया।

### दो स्थानों से ट्रांसफार्मर चोरी, शिकायत दर्ज

जींद। गांव कालवन तथा लोन में खेतों से बीती रात चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने बिजली निगम एसडीओ की शिकायत पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बिजली निगम ने गांव कालवन तथा लोन में दो 25 केवी के ट्रांसफार्मर रखे हुए थे। बीती रात चोरों ने दोनों बिजली ट्रांसफार्मरों को चोरी कर लिया। चोरी की घटना का सुबह उस समय पता चला जब बिजली गुल हो गई।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव सिंघाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंघाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बीस वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बसपा की विचारधारा से समझौता नहीः कृष्ण

जींद। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा कि बसपा बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर और कांशीराम की नीतियों पर आधारित सामाजिक न्याय और बहुजन एकता के मूलमंत्र पर अडिग है तथा इससे कोई समझौता नही किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सख्त संदेश देते हुए चेताया है कि वे पार्टी की मूल विचारधारा से विचलित होकर संगठन को कमजोर करने वाले किसी भी कदम से बचें।

### शब्द रश्मियां पुस्तक का लोकार्पण किया

जींद। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में साहित्यकार सुशीला जांगड़ा की पुस्तक शब्द रश्मियां का लोकार्पण किया गया। अवसर पर हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी, समीक्षक तथा व्याकरण के विद्वान रामफल सिंह खटकड़, पुस्तक के प्रकाशक व साहित्यकार डा. अशोक कुमार मंगलेश भी उपस्थित थे। सभी साहित्यकारों ने लेखिका की इस चौथी पुस्तक के प्रकाशन पर बधाई दी।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने शोभायात्रा को किया संबोधित

# भगवान परशुराम अधर्म के खिलाफ जंग के मुख्य ध्वजवाहक थे : सैनी

## महापुरुषों के बताए आदर्शों का अनुसरण कर रही मोदी और नायब सरकार

### सभी से आह्वान किया की जीवन में सत्यनिष्ठा और धर्म को अपनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



परशुराम जयंती पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हरियाणा कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम अतीत में अधर्म के खिलाफ हुई जंग के ध्वज वाहक रहे हैं। धर्म की स्थापना और सभी वर्गों के कल्याण के लिए उन्होंने जो रास्ता अपनाया और समाज को नई दिशा दी, वह आज भी प्रासंगिक है। युवाओं को चाहिए कि वे विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए अपने अंदर छुपे हुए भगवान परशुराम को पहचानते हुए साहस, ज्ञान व सेवा के भाव को जागृत करें। चेयरमैन कर्मवीर सैनी मंगलवार को भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष पर सफीदों में आयोजित शोभायात्रा में शामिल लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महापुरुषों के बताए आदर्शों का अनुसरण करते हुए कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योगए आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। यह उसी विरासत का परिणाम है, जिसकी नींव भगवान परशुराम जैसे ऋषि.मुनियों और महापुरुषों ने रखी थी। आज जब हम डिजिटल इंडियाए स्टार्टअप इंडियाए मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को आगे बढा रहे हैं तो भगवान परशुराम के दृढ़ संकल्प की तरह हम सभी भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने का भी प्रण लें। चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती का यह दिन हमारे लिए न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है बल्कि यह भारत की उस महान सनातन परंपरा का भी प्रतीक है, जो समय समय पर अधर्म का नाश करके धर्म की पुनरू स्थापना करती रही है। चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। कर्मवीर सैनी ने कहा कि कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार ने कैथल में खोले जा रहे मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम के नाम से रखा है। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर राजपत्रित अवकाश का प्रावधान किया है। सरकार ने रोहतक जिले गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण कॉलेज को जमीन पट्टे पर प्रदान की है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान करते कि हम सभी अपने जीवन में सत्यनिष्ठा और धर्म को अपनाएं तथा एक ऐसा भारत और हरियाणा बनाएं जो आत्मबल से समृद्ध और आत्मा से पवित्र हो।

# मजदूर संगठनों ने बनाई रणनीति

- मजदूर दिवस पर एक मई को जिला में चार जगह होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सुबेसिंह स्मारक में मजदूर संगठन, सीटू, अखिल भारतीय किसान सभा और सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीटू जिला प्रधान सतबीर खरल ने की। बैठक को संबोधित करते अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य अध्यक्ष मा. बलबीर सिंह, सकसं जिला प्रधान संजीव ढांडा, सीटू के जिला सचिव कपूर सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला सचिव राजकुमार श्योकंद ने कहा कि एक मई को मजदूर दिवस के मौके पर जींद में चार जगह मजदूर दिवस के आयोजन करते हुए संकल्प सभा की जाएगी। जिसमें जींद के नेहरू पार्क, नरवाना तहसील कार्यालय के बाहर, जुलाना लेबर शेड, सफीदों के नागक्षेत्र पार्क में संगठन कार्यकर्ता इक_े होकर शहर में प्रदर्शन करेंगे और शिकागो के अमर शहीदों को याद किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि श्रम कानूनों में बदलाव कर थौंपे गए मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड रद्द किए जाएं। सभी उद्योगों एवं सरकारी क्षेत्र में श्रम कानून शक्ति से लागू किए जाएं। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये घोषित किया जाए। आउटसोर्स, ठेकाप्रथा बंद की जाए। सभी कच्चे एवं परियोजना वर्करों, आशा, आंगनवाड़ी, मिड-डे मील, कैच वर्करों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। बढ़ती महंगाई पर रोक लगाई जाए। बढ़ती बेरोजगारी पर रोक लगाई जाए, विभागों में खाली पड़े पदों पर पक्की भर्ती की जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए। निकाले गए कौशल कर्मचारियों को बहाल किया जाए और उन्हें पक्का किया जाए। रमेश चंद्र, संदीप जाजवान, मंदीप आदि मौजूद रहे।


जींद। माता वैष्णवी धाम में पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

जीं। आचार्य पवन श्र्मा ने कहा कि भगवान परशु राम प्रतीक है पराक्रम का और राम पर्याय है सनातन का अर्थात भगवान परशुराम पराक्रम व सनातन के साक्षात विग्रह हैं व जिनका चरित्र आज के परिपेक्ष्य में सर्वाधिक प्रासांगिक व अनुकरणीय है। आचार्य पवन शर्मा शक्ति व भक्ति के प्रतीक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मंगलवार को माता वैष्णवी धाम में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर समाज के लब्ध प्रतिष्ठितजनों ने भगवान श्री परशुराम के चरणावृंद में अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। आचार्य ने कहा कि अधर्म का उन्मूलन व धर्म का संस्थापन एक ही रथ के दो पहिये हैं। दोनों का समन्वय बने रहने से सृष्टि का संतुलन भी ठीक रहता है।

### मंडियों से गेहूं उठान में तेजी लाने के निर्देश

जींद। जिले में रबी सीजन की गेहूं खरीद प्रक्रिया तेजी से जारी है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीद कार्य के साथ-साथ गेहूं उठान में भी गति लाई जाए ताकि मंडियों में नई फसल के लिए भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। किसानों की उपज का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। खरीद एजेंसियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर देरी न हो और किसानों को किसी आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। मंडियों में पारदर्शी और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी निरीक्षण करें। बताया कि गत दिवस तक जिले की मंडियों में कुल 6,45,491 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की है। किसानों से आग्रह किया कि फसल पूरी तरह सुखाकर व तय मानकों के अनुरूप ही लाएं ताकि खरीद कार्य में कोई रुकावट न आए।

### भगवान परशुराम जयंती मनाई

राजौंद। राजौंद के वार्ड नंबर 6 में भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें संदेश देता है कि ज्ञान और कर्म दोनों का संतुलन समाज को दिशा देता है। वे महान तपस्वी, वेदों के ज्ञाता और महान योद्धा भी थे। भगवान परशुराम के आदर्श और संदेश हमें यह मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए हैं। हमारी भाषा और संस्कृति हमारी आत्मा है। कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के लोगों ने पहुंचकर हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। सभी को भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं दी।


बिघाना के परशुराम मंदिर में समाज के लोगों द्वारा कराए हवन में आहूति देते ग्रामीण।


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

### बिघाना में मनाई परशुराम जयंती

अलेवा। बिघाना गांव की परशुराम मंदिर कमेटी द्वारा मंगलवार को भगवान परशुराम जयंती के मौके पर मंदिर परिसर में यज्ञ करा भंडारे का आयोजन कराया । हवन में ब्रहाम्ण समाज के महिला व पुरूषों द्वारा आहुति दे गांव की सुख स्मृद्धि की कामना की । इसके बाद मंदिर में लगाए भंडारे में गांव के सभी वर्ग के लोगों के अलावा आसपास के गांवों के लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। परशुराम कमेटी सदस्य मा. मेघनाथ, रामजुवारी, कर्मचंद, प्रकाश, श्रानिवास, महिपाल, कपिल, राजा राम, महाबीर, राजबीर व प्रकाश शर्मा ने बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा समाज के लोगों के सहयोग से हर वर्ष भगवान परशुराम की जयंती पर मंदिर परिसर में हवन आदि करा भंडारे का आयोजन कियांछ जाता है। भंडारा सुबह लगभग 11 बजे शुरू कर शाम लगभग चार बजे तक लगाया जाता है।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

नरवाना। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भगवान परशुराम चौक नरवाना में यज्ञ हवन वआरती की गई इसके पश्चात माल्यार्पण की गई व प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर अनाज मंडी व्यापार संगठन के पूर्व प्रधान राजेश शर्मा एडवोकेट ने शहर व देश की सुख शांति की कामना की व पहलगांव के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई तथा भगवान परशुराम के आदर्श पर चलने का आह्वान किया गया व पाकिस्तान के सर्वनाश की कामना की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर अर्जुन शर्मा एडवोकेट एआदित्य शर्मा पुजारीए वीरभान शास्त्रीए विजय पंडितए पवन वशिष्ठ पुजारीए मेहर पुजारी माता दर्शन देवी व शहर के काफी मात्रा में समाजसेवी और नागरिक शामिल हुए व प्रसाद प्रसाद ग्रहण किया।


नरवाना। भगवान परशुराम की पूजा करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। सुरेंद्र हुड्डा को विदाई देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सुरेंद्र बने उप जिला शिक्षा अधिकारी

जींद। जींद में कार्यरत खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र हुड्डा के उप जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। सुरेंद्र हुड्डा अब कैथल जिले में उप जिला शिक्षा अधिकारी का पद संभालेंगे। सुरेंद्र हुड्डा ने जुलाई 2023 में जींद में खंड शिक्षा अधिकारी का पद संभाला था। उप जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवीए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर रहते हुए सुरेंद्र हुड्डा ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया। उम्मीद है कि वह कैथल जिला में उप जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में और भी बेहतर कार्य करेंगे।



मोमबती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देती संस्था की महिलाएं।

### दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजली

सफीदों। सामाजिक संस्था लीनस क्लब ने पुरानी अनाज मंडी में मोमबत्ती जला कर पहलगाम हमले में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजली अर्पित की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्रधान पूनम सिंगला मित्तल ने की। इस मौके पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं महिलाओं ने भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। महिलाओं ने भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं महिलाओं ने देश की अखंडता, शांति और मानवता के मूल्यों को अपने कार्यों से आगे बढ़ाते रहने का संकल्प लिया। प्रधान पूनम सिंगला मित्तल ने कहा कि पाकिस्तान से आतंकवादी हमारे देश में आकर हमारे ही लोगों, खासतौर पर हिंदुओं को मार डालें। यह एक अत्यंत घिनौना कृत्य है।

# नगूरां के पास 1. 35 किलोग्राम चरस के साथ महिला गिरफ्तार

- गांव अलेवा की तरफ पैदल स्पलाई करने जा रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ ने गांव नगूरां पावर हाउस के निकट महिला को काबू कर कब्जे से एक किलो 35 ग्राम चरस बरामद की है। महिला चरस को स्पलाई करने जा रही थी। अलेवा थाना पुलिस ने महिला के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव नगूरां निवासी जगीरो देवी नशीले पदार्थों का कारोबार करती है। जो नशीले पदार्थ स्पलाई करने गांव अलेवा की तरफ जाएगी। सूचना के आधार पर पुलिस ने अलेवा रोड पर पावर हाउस के निकट नाकेबंदी कर निगाह रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक महिला हाथ में थैला लेकर गांव नगूरां की तरफ से आती दिखाई दी। जो सामने पुलिस की गाड़ी को देख कर वापस जाने लगी। महिला पुलिसकर्मियों के सहयोग से महिला को काबू कर लिया । महिला के थैले की तलाशी ली गई तो उसमें से चरस बरामद हुई। जिसका वजन एक किलो 35 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में महिला की पहचान गांव नगूरां निवासी जगीरो देवी के रूप में हुई।

### पूछताछ जारी

अलेवा थाना पुलिस ने जगीरो देवी के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि चरस के साथ पकड़ी गई महिला से नशे के नेटवर्क के बारे में पूछताछ की जा रही है। नशे के कारोबार से कौन-कौन लोग जुड़े हैं, इसके बारे मे पूछताछ की जा रही है।



सफीदों। विजेता बच्चों को सम्मानित करते प्राचार्या डा.तनाशा हुड्डा।

### निबंध लेखन में ज्योति प्रथम

सफीदों। राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. तनाशा हुड्डा व संयोजन डा. सरला सहारावत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन करके किया गया। प्राचार्या डा० तनाशा हुड्डा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन प्रतिभा को विकास करना, उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा समसामयिक विषयों पर उनकी सोच को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। बच्चों को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर डा. जयविंद्र शास्त्री, डा. शंकर, मनुजा, डा. सुनील, डा. शील व डा. रूचि भारद्वाज मौजूद थे। प्रतियोगिता में एमए हिंदी की छात्रा ज्योति प्रथम, बीए द्वितीय की छात्रा तमन्ना द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष का छात्र अरुण तृतीय स्थान पर रहा।

## आवागमन ज्यादा होने से सेक्टरों में चार जगह हादसा होने का डर

# टी प्वायंट पर गोल चक्कर बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सेक्टरों के टी प्वायंट जहां गोल चक्कर बनाने की मांग की जा रही है।

वाहनों का आवागमन ज्यादा होने के कारण सेक्टरों में चार जगह हादसा होने का डर बना रहता है। ऐसे में सेक्टरवासियों ने सेक्टर छह-सात के टी प्वायंट, सेक्टर सात-आठ के टी प्वायंट, पेरीफेरी सड़क से वाटर वकर्स वाले मोड़ पर और सत्संग भवन के पास गोल चक्कर बनाने की मांग की है। जबकि पिछले दिनों सर्दियों में सत्संग भवन के पास एक कार डिवाइडर से उछलकर मकान में घुस गई थी। हालांकि गनीमत रही थी कि कार चालक को ज्यादा चोट नहीं आई। सेक्टरवासियों के अनुसार इन चारों जगहों पर कई बार हादसे हो चुके हैं। इसके अलावा सेक्टरवासियों की मांग है कि वाटर वकर्स के पास पुल को चौड़ा किया जाए। यहां एक समय में केवल एक ही बड़ा वाहन वहां से गुजर सकता है। जबकि अन्य वाहनों को बड़े वाहन के वहां से गुजरने के बाद ही पुल को पार करने का समय मिल पाता है। इसके अलावा सेक्टरवासियों ने सेक्टर आठ में सड़कों का पेचवर्क करवाने की मांग की है। सेक्टर आठ के प्रधान सतबीर बांगड़ ने कहा कि सेक्टर छहए सातए आठ व नौ शहर के पॉश क्षेत्र में आते हैं। यहां सिविल लाइन थाना, पॉलीक्लीनिक सहित चार से पांच निजी अस्पताल भी हैं। चारों सेक्टरों में 2500 मकान हैं, जिसमें लगभग आठ हजार की आबादी है। सेक्टरों की सडक़ें निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, नरवाना-रोहतक हाईवे व सफीदों रोड को जोड़ती हैं। ऐसे में यहां वाहनों का आवागमन ज्यादा है। सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। सीवरेज के ढक्कन टूटे पड़े हैं और सड़क जर्जर हालत में हैं। वाहनों का आवमन ज्यादा होने के कारण चार जगह हादसा होने का डर बना रहता है। ऐसे में सेक्टरों में चार जगह गोल चक्कर बनने चाहिए।

### बेहतर सुविधा देने का प्रयास

जेई अनुज ढांडा ने कहा कि सेक्टर 8 में पेचवर्क के लिए टेंडर लगाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टरों में गोल चक्कर बनाने का मामला उच्च स्तर के अधिकारियों का है। सेक्टरवासियों को बेहतर सुविधा देने के लिए एचएसवीपी लागातार प्रयासरत है।


जुलाना। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते मुख्यातिथि ।

### 48 युवाओं ने किया रक्तदान

जुलाना। जुलाना कस्बे के आरोग्यम अस्पताल में बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कायक्रम की अध्यक्षता आरोग्यम फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. योगेश नांदल ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल और मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया ने शिरकत की। रक्तदान शिविर में 48 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं को संबोंधित करते हुए इंदुराज नरवाल ने कहा कि रक्त का कोई और अन्य विकल्प नही है। इसे केवल मानव शरीर से ही पाया जा सकता है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। युवाओं को चाहिए कि वो नियमित रूप से रक्तदान करें।

## खबर संक्षेप




### ओएसडीएवी ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**कैथल।** जिला स्तरीय ताई कमांडो प्रतियोगिता में ओएसडीएवी ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी सनराइज पब्लिक स्कूल में जिला ताईक्वाडो एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें जिले के लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### ताला तोड़कर लाखों की नकदी व सामान चुराया

**कैथल ।** गांव खेड़ी मटरवा चोर एक मकान का ताला तोड़कर वहां पर रखे लाखों रुपए तथा जेवरात चुरा कर ले गए। खेड़ी मटरवा के सतपाल ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 अप्रैल की रात को चोर उसके घर का ताला तोड़कर उसमें घुसे तथा वहां पर रखी नकदी तथा सोने में चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए।

### मरने के बाद भी देखेंगे गुरदयाल सिंह के नेत्र

**कैथल।** कहते हैं सच्चे समाजसेवी जीते जी तो लोगों की मदद करते ही हैं, लेकिन कैथल के हुडा सेक्टर 19-2 के रहने वाले सरदार गुरदयाल सिंह (78 वर्ष) 'फौजी टायर वाले' ने तो मरने के बाद भी ऐसा नेक काम कर दिखाया, जिसे बरसों तक याद किया जाएगा। सरदार गुरदयाल सिंह ने अपनी जिंदगी में ही यह दृढ़ संकल्प लिया था कि उनकी मृत्यु के पश्चात उनके शरीर को चंडीगढ़ स्थित पी.जी.आई. के रिसर्च सेंटर को दान कर दिया जाए, ताकि मेडिकल के विद्यार्थी अनुसंधान कर सकें और ज्ञान प्राप्त कर सकें। इतना ही नहीं, उनकी दोनों आंखें भी किसी जरूरतमंद के काम आ सकें, जिससे उसकी दुनिया में रोशनी हो सके। बीती 25 अप्रैल को हृदय गति रुकने से सरदार गुरदयाल सिंह का निधन हो गया।



### परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही योजना

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीसी प्रीति ने बताया कि इस योजना के तहत मृतक व्यक्ति की 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए। परिवार के द्वारा मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता की स्थिति में घटना की तिथि से तीन महीनें के भीतर आवेदन करना होगा। आयु अनुसार बात करें तो छह से 12 वर्ष तक की आयु के लिए एक लाख रुपये, 12

---

### इंडस पब्लिक स्कूल में मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन

# खेल का जीवन में विशेष महत्व : डीसी

**डीसी-11 ने मात्र 12.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 104 रन बनाकर मैच में की जीत हासिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड में डीसी-11 और एसपी-11 के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें डीसी-11 ने 6 विकट से जीत हासिल की। डीसी-11 ने टॉस जीतकर बोलिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए एसपी-11 ने 16.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 100 रन बनाए तथा डीसी-11 को 101 रन बनाने का लक्ष्य रखा। डीसी-11 ने मात्र 12.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 104 रन बनाकर मैच में जीत हासिल की। सबसे बेहत्तर बल्लेबाजी करते हुए दीपक सैनी ने 64 रन बनाए तथा बेहत्तर बोलिंग करते हुए मनीष तंवर ने तीन विकट हासिल किए।

इसके अलावा डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी ने छक्का लगाकर टीम को विजय दिलवाई। डीसी प्रीति ने डीसी-11 की तरफ से 64 रन बनाने पर दीपक सैनी को मैन ऑफ दा मैच घोषित किया।

डीसी प्रीति ने भी मैच का शुभारंभ डीसी प्रीति व एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने किया। डीसी प्रीति ने कहा कि खेल का जीवन में विशेष महत्व है। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य बना रहता है और खेलों को खेल भावना से खेलते हुए व्यक्ति अपने व्यक्तित्व में निखार ला सकता है।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में खेलों को भी हिस्सा बनाना चाहिए और व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय खेलों के लिए जरूर निकाले। उन्होंने मैत्रीपूर्ण मैच के लिए दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि सरकारी कर्मचारी की दिनचर्या काफी व्यस्त रही है, ऐसे में कुछ समय यदि कर्मचारी खेलों के लिए निकाले तो उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहत्तर बनता है। उन्होंने डीसी प्रीति का आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्ग दर्शन में ही यह संभव हो पाया। डीसी ने स्वयं बैटिंग करते हुए डीसी-11 की पारी की शुरूआत की।



**कैथल।** कैथल की डीसी प्रीति क्रिकेट खेलते।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिला नाजर धर्मवीर सैनी का इस क्रिकेट मैच की व्यवस्थाओं में विशेष योगदान रहा। डीसी-11 में प्लेयर के रूप में राजेश कुमार, संजू, संदीप, दीपक, प्रदीप, मंजीत, कृष्ण, प्रवीण, मनीष, सतीश, नसीब सिंह सैनी रहे। वहीं एसपी-11 में विरेंद्र, जसबीर, मनोज, प्रवीण, रामजवारी, अंकुश, सुरेंद्र, देवेंद्र, सौरभ, जगदीश, यशपाल प्लेयर के रूप में रहे।

---



**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल के खिलाड़ी अधिकारियों के साथ

## काजल को मिस और रवि को मिस्टर फेयरवेल चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के हिंदी विभाग के स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और प्रसन्नता के साथ भाग लिया। मानसी शर्मा और शिवानी ने अपनी ओजपूर्ण शेरो-शायरी और कुशल मंच संचालन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों के लिए आकर्षक और गरिमामय उपाधियाँ निर्धारित की गईं। मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल के चयन के लिए रैंप वॉक और नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में, काजल को मिस फेयरवेल और रवि कुमार को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। यह समारोह अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

---

# विश्व कल्याण की कामना के लिए किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मंगलवार को सीवन रोड की ब्राह्मण धर्मशाला में परशुराम जयंती पर जिला भर के ब्राह्मणों ने भार्गव का जय घोष कर यज्ञ में आहुतियां डाली और विश्व के कल्याण की कामना की। पंडित प्रेम प्रकाश ने वैदिक रीति रिवाज से मंत्रों का उच्चारण कर यज्ञ संपन्न करवाया। डॉ प्रदीप शर्मा व डॉ. जयंती शर्मा यज्ञ में मुख्य यजमान रहे। उन्होंने सपत्नीक वेद मंत्रों के साथ अग्नि प्रज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया। यज्ञ पुरोहित पंडित प्रेम प्रकाश शास्त्री ने मंत्रों का उच्चारण कर उनका हिंदी में अनुवाद कर अर्थ बताते हुए कहा कि यज्ञ के दौरान ह्यॐ परशुरामाय नमःह्न मंत्र का जाप कम से कम 108 बार करना बेहद शुभ माना जाता है। इस बार अक्षय तृतीया पर आज के दिन त्रिपुष्कर और सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम हिन्दू धर्म की उन आठ चिरंजीवी में से हैं। जिनका उल्लेख रामायण से लेकर महाभारत तक मिलता है। उन्हें न्याय और धर्म की रक्षा करने वाला अवतार माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, परशुराम जी का जन्म वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि यानी अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। इस दिन को बेहद शुभ माना जाता है, क्योंकि परशुराम जी का अवतरण धरती पर अधर्म को खत्म करने के लिए हुआ था।



कैथल। परशुराम जयंती पर हवन में आहुति डालते समाज के लोग फोटो: हरिभूमि

---

# केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 20 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

1 मई को सहयोगी संगठनों के साथ सयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाने,2 मई को हड़ताल का नोटिस देने व 4 मई को कर्मचारी भवन रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय कन्वेंशन की तैयारी को लेकर जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर 20 मई को केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी और इसमें सभी विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।



कैथल। एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण कर्मचारियों को संबोधित करते ।

---

## यूपीएसई जैसी परिक्षाओं की तैयारी के लिए जाट धर्मशाला में खोलेंगें इंस्टीट्यूट : कृष्ण श्योकंद

**कैथल ।** जाट धर्मशाला चुनाव के प्रधान पद के प्रत्याशी कृष्ण श्योकंद ने कहा है कि आने वाले समय मे जाट धर्मशाला मे यूपीएसई जैसी कठिन परिक्षाओं की तैयारी के लिए इंस्टीट्यूट खोला जाएगा ताकि जरूरतमंद परिवारों के बच्चे कोचिंग के अभाव मे न रहें व यूपीएसई जैसी परीक्षा पास कर देश की सेवा कर सकें। खेलों में युवा वर्ग आगे बढे, इसके लिए भी बेहतरीन प्रयास किए जाएंगें। कृष्ण श्योकंद मंगलवार को रेलवे रोड स्थित एक नीजि हॉटल मे पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ उनके पैनल के उपप्रधान पद के उम्मीदवार बन्नी सिंह ढुल लोहारमाजरा, सचिव पद के हरकेश लाल सहारण गांव बारना, सहसचिव होशियार सिंह गांव बारवा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नैन सिरसमा व कार्यकारिणी सदस्य उम्मीदवार गंगा बिशन सहारण गांव रामगढ, रमेश मलिक, पूर्व सरपंच गांव खुराना, ऋषिपाल नैन गांव अन्दाना, बलविंद्र संगरोहा गांव ग्योंग, जितेंद्र कैंदल, गांव घराडसी, गुरदीप तंवर चीका भी मौजूद थे। बता दें कि जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र की नई कार्यकारिणी के लिए 30 अप्रैल दिन बुधवार को चुनाव होगा। चुनाव के लिए कृष्ण श्योकंद ग्रुप ने पूरी ताकत झोंक दी है।



---

# एनआईआईएलएम विवि में जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एन आई आई एल एम विवि कैथल में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन करनाल द्वारा विवि के कर्मचारियों को भविष्य निधि (पी.एफ )के संदर्भ में नवीन एवं सही जानकारी देने के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता विवि कुलसचिव डॉ. राजीव दहिया ने की अवसर पर कुलसचिव डॉ.राजीव दहिया ने भविष्य निधि संगठन के अधिकारियों का विश्वविद्यालय आगमन पर स्वागत करते अपने संबोधन में कहा कि प्रोविडेंट फंड (पी. एफ.) का पैसा नौकरी पेशा लोगों के लिए बहुत मायने रखता है ,यह सिर्फ उनकी बचत नहीं बल्कि रिटायरमेंट के लिए मिलने वाली पूंजी है पीएफ से जुड़े तमाम ऐसे फायदे हैं जिनकी जानकारी शायद नौकरी पेशा लोगों को कम होती है इसलिए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आज इस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर भविष्य निधि संगठन करनाल परवर्तन अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय कर्मचारियों को प्रोविडेंट फंड की जानकारी देते हुए कहा कि पीएफ खाता खुलते ही कर्मचारी को डिफॉल्ट बीमा मिलता है इसमें कर्मचारी को छ लाख रुपए तक के इंश्योरेंस का प्रावधान है, इसके अलावा प्रोविडेंट फंड के पैसे को कर्मचारी बच्चों की शिक्षा घर निर्माण, बीमारी, शादी में तुरंत प्रभाव से निकलवा कर उसका प्रयोग कर सकता है। कर्मचारियों द्वारा पूछे प्रोविडेंट फंड से संबंधित सभी प्रश्नों का उचित जवाब दिया।



कैथल। जागरूकता शिविर में उपस्थित अधिकारी फोटो: हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भविष्य निधि संगठन से अनुभाग पर्यवेक्षक अमित गोयल, अवर श्रेणी लिपिक जसमेर सिंह , विश्वविद्यालय के फाइनेंस ऑफिसर के.पी पात्रा विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार, विश्वविद्यालय दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

---

# करियर के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल, दया गुप्ता मानव मन्दिर के माध्यम से समाज कल्याण की विभिन्न गतिविधियों द्वारा दिव्यांग और आर्थिक रूप से असहाय वर्ग के उत्थान का सशक्त प्रयास कर रही है।

शाखा संयोजक डा विवेक गर्ग के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण एवम वितरण सुविधा, फिजियोथेरपी केन्द्र, कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र और मोबाइल रिपेयर प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा स्वास्थ्य, शैक्षणिक और रोजगार संबंधित सेवा कार्य सुचारु रूप से चलाये जा रहे हैं। आज विद्यार्थियों को सक्षम और जागरूक नागरिक बनाने के लिए शाखा कैथल द्वारा मोटीवेशनल लेक्चर्स और वैचारिक संगोष्ठी की कड़ी में आर के एस डी महाविधालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ रघुवीर लांबा ने करियर ओरियंटेशन और मोटिवेशन विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सबसे पहले शाखा सहसचिव डा नरेश गर्ग ने डॉ रघुवीर लाम्बा का स्वागत किया ।



कैथल। डा. रघुबीर लांबा को सम्मानित करते पदाधिकारी

---

# भाजपा सरकार ने दी प्रदेश को महंगाईः रामपाल

- इनेलो नेताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

29 अप्रैल 1998 को चौ. देवीलाल ने इनैलो की स्थापना की थी। स्व. ओमप्रकाश चौटाला ने अपनी मेहनत से इसको सींचने का काम किया। आज पूरे प्रदेश में इनैलो कार्यकर्ता स्थापना दिवस को धूमधाम से मना रहे हैं और एक संकल्प भी दोहरा रहे हैं कि पार्टी को भविष्य में मजबूत स्थिति में लाया जा सके। यह वक्तव्य इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने मंगलवार को व्यक्त किये। वह पिहोवा चौक स्थित इनैलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर के कार्यालय में पहुंचे थे। यहां इनैलो के स्थापना दिवस एवं भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां उन्होंने सर्वप्रथम भगवान परशुराम और चौ. देवीलाल की फोटो के आगे पुष्प अर्पित किए। यहां रामपाल माजरा ने एक कार्यकर्ता की गाड़ी पर पार्टी की झंडी भी लगाई। यहां पत्रकार वार्ता में इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि आज पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ता पार्टी को उसी मुकाम पर ले जाने का संकल्प कर रहे हैं जब इनैलो सत्ता में आई थी। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जिस प्रकार देश और प्रदेश के हालात है जब भाजपा की देन है। भाजपा सरकार ने देश की सरकार ने टोल प्लाजा के रेट बढ़ा दिए, जिसका भार जनता पर बढ़ा, गेस सिलैंडर का रेट बढ़ाया गया, पैट्रोल डीजल पर एक्साइज डयूटी बढ़ाई गई।



**कैथल।** इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा का स्वागत।

---

### घंटों चली विभिन्न विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मंत्रणा

# कलायत में बुनियादी सुविधाओं के ढांचे को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए पार्षदों ने की रायशुमारी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में भगवान परशु राम जन्मोत्सव उपलक्ष्य में नगर पालिका पार्षदों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहित से जुड़ी नीतियों, शहर में पेयजल, सफाई, विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर मंत्रणा का दौर चला। इसमें शहर के विभिन्न वार्डों से पार्षदों ने हिस्सा लिया।

वार्ड 1 पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने सरकार की नीति अनुसार प्रभावी ढंग से विकास कार्यों को गति देने की मांग जिला एवं कलायत उप मंडल प्रशासन से की। इसके तहत पूर्ण, अधूरे और भविष्य में होने वाले विकास कार्यों से प्रशासन को जनता से रूबरू करवाने का आग्रह किया। इसलिए समय-समय पर अधिकारी जन संवाद करें। इससे विश्वास और मेलजोल की भावना बनी रहती है। हर कोई धरातल की स्थिति से अपडेट रहता है। इसलिए केंद्र एवं राज्य सरकार ने अधिकारियों को जन संवाद कार्यक्रम और शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। वार्ड 3 पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप दहिया का मुख्य मुद्दा शहर में सार्वजनिक भवनों का पूर्ण विकास, सुगम गलियों का निर्माण, सीवरेज प्रणाली और अन्य कार्य रहे। वार्ड 5 पार्षद प्रीत जगदेवा ने शहर के विभिन्न हिस्सों में जारी निर्माण विकास कार्यों में पारदर्शिता कायम रखने की मांग प्रशासन से की। इसके साथ ही उन्होंने डीटीपी विभाग के माध्यम से अवैध कालोनियों में लीपापोती की बजाए प्रभावी कार्यवाही करने का पुरजोर आग्रह प्रशासन से किया।



**कैथल।** कलायत में बुनियादी सुविधाओं का ढांचा मजबूत करने को मंत्रणा करते पार्षद

#### सफाई के कार्य को परखने की जरूरत

वार्ड 8 पार्षद महीपाल पंवार ने कहा कि डोर टू डोर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से डोर टू डोर एजेंसी के कचरा ट्रांसफर केंद्र, कर्मियों को मिलने वाली सुविधाओं व साफ-सफाई से जुड़े पहलुओं की सिरे से जांच करने की मांग की। वार्ड 9 पार्षद जगदीश रायका ने शहर में पटवार भवनों की स्थिति में सुधार लाने की बात रखी।

#### समीक्षा का सुझाव दिया

वार्ड 10 पार्षद संजय सिंगला का फोक्स शहर में बुनियादी सुविधाओं के ढांचे को मजबूती देने पर रहा। इसके लिए उन्होंने प्रशासन से सभी विभागों की संयुक्त बैठक बुलाकर कार्यों की सिरे से समीक्षा का सुझाव दिया। इसके तहत जनहित से जुड़े विषयों से जनता को अधिकारी रूबरू करवाएं। वार्ड 11 पार्षद विनोद जेष्ठ की तरफ से भी कई अहम मुद्दे रखे गए। इसमें दशकों पहले शहर में सरकार द्वारा अलाट की गई कालोनियों व खाली प्लाटों की रजिस्टरी का मुद्दा मुख्य रूप से शामिल रहा।

#### पेयजल संकट से जूझ रहे लोग

पार्षद रवींद्र निर्मल बंटी ने वार्ड 13 में पेयजल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि काफी समय से पेयजल व डोर टू डोर सफाई की समस्या वार्ड में बनी है। पार्षद ने अधिकारियों से इस पर संज्ञान लेने की मांग की।

---

## टीम ने पूंडरी की नई और पुरानी मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कमीशन फॉर एग्रीकल्चरल कॉस्ट्स एंड प्राइसेज (सी.ए.सी.पी.) की एक उच्चस्तरीय टीम ने आज पूंडरी की नई और पुरानी अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं खरीद कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने यह सुनिश्चित किया कि किसानों से गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) पर की जा रही है या नहीं, साथ ही गेहूं की गुणवत्ता की भी बारीकी से जांच की गई। इस निरीक्षण टीम में बैद्यनाथ गुरु (डिप्टी डायरेक्टर, सी.ए.सी.पी.), मिंटू कुमार (ई.ओ., सी.ए.सी.पी.), प्रवीण सिद्धार्थ (डिसट्रिक्ट मैनेजर) व बल्लाराम मीणा (ए.जी.एम.-क्व ालिटी कंट्रोल) शामिल रहे। इस अवसर पर हरियाणा रा'य कृषि विपणन बोर्ड से डी.एम.ई.ओ. अभिनव वालिया, हैफेड डी.एम. अजय नैन भी विशेष रूप से मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मंडी में उपस्थित आढ़तियों ने टीम को गेहूं उठान में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। टीम ने मंडी परिसर में तौल व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, फसल उठान की प्रक्रिया और किसानों को मिल रही सुविधाओं का भी गहन अवलोकन किया।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुआना खण्ड जुलाना के 04 तालाबों (कुण्ड वाला तालाब, मुण्डे वाला तालाब, शिव मन्दिर तालाब एवं लखी वाला तालाब) को मछली पालन हेतू पट्टे पर दिया जाना है। जिसकी बोली दिनांक 06.05.2025 को प्रातः 10:00 बजे सामान्य चौपाल ग्राम पंचायत बुआना में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता भाग ले सकते हैं।

नियम व शर्तें:-
1. बोलीदाता को बतौर सिक्योरटी मु. एक लाख/- रूपये जमा करवाने होंगे।
2. बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।
3. पंचायत का फैसला अन्तिम व मान्य होगा।

सरपंच, ग्राम पंचायत बुआना, खण्ड जुलाना, जींद
मो. नं. 9671506800

## खबर संक्षेप



### गांवों में बेहतर सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा गांवों का चहुंमुखी विकास एवं योग्य युवाओं के रोजगार में राज्य सरकार पर मुख्य फोकस है और इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। वर्तमान में गांवों के विकास को शहरों की तर्ज पर नई गति मिल रही है। ग्रामीण आंचल में बेहतर शिक्षाए स्वास्थ्य सेवाएंए निर्बाध बिजली आपूर्तिए योजक सड़कों का निर्माण व विस्तारीकरण आदि किया जा रहा है।

### सूजमा गांव में मारपीट एक युवक घायल

**कैथल।** गांव सजूमा में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सजूमा के रमन ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर 27 अप्रैल को जब वह सायं के समय गांव से जा रहा था तो गांव के ही रवि, अशोक, दीपू, अजय, सारण, सोनू व एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर उसे पर लाठी, डंडे और गंडासियों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए।

### चोरों ने दानपात्र से चुराई हजारों की नकदी

**कैथल।** हरिगढ़ किंगन के काली माता मंदिर तथा दुर्गा माता मंदिर के दान पत्र तोड़ते चोर उनमें रखे हजारों रुपए चुरा कर ले गए। इस संबंध में गांव हरिगढ़ के बलबीर सिंह का पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 26 अप्रैल की रात को चोर गांव में बने काली माता मंदिर तथा दुर्गा माता मंदिर की दान पात्र को तोड़ते हुए वहां से 15000 की धनराशि चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चीका में युवक ने नकदी और मोबाइल छीना

**कैथल।** कस्बा चीका से एक युवक हजारों रुपए की राशि तथा मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। चीका के सनी गुप्ता ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 अप्रैल को जब वह रात करीब 8:15 बजे अपने भाई रवि प्रकाश के साथ वार्ड नंबर 5 सोनी भट्टी के निकट से गुजर रहा था तो एक अज्ञात युवक उनके हाथ से बैग छीन कर फरार हो गया। बैग में 60000 की नगदी तथा दो मोबाइल फोन थे। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सतीश ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैरोइन मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचकर नशा सप्लाई करने वालों पर शिकंजा कसते हुए एंटी नारकोटिक सैल के एसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा हैरोइन बरामदगी मामले में आरोपी मुंदड़ी निवास महिंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को एंटी नारकोटिक सैल पुलिस टीम द्वारा सापन खेड़ी करनाल रोड़ पर नाकाबंदी करके आरोपी गांव मुंदड़ी निवासी सलिंद्र को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 5.33 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

### राह ग्रुप रक्तदानियों को करेगा सम्मानित

**नरवाना।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2025 के अवसर पर राह ग्रुप फाउंडेशन प्रति वर्ष की तरह 11 रक्तदानियों को सम्मानित करेगा। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ करेंगे। विधायक रणधीर सिंह पनिहार, भाजपा नेता नरेश नैन व राजेश टांक मौजूद रहेंगे। राह क्लब नरवाना के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप नैन एवं संरक्षक राजाराम शर्मा ने एक ब्यान जारी कर यह जानकारी दी।

## भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चल रही सरकार: डॉ. अरविंद शर्मा

# भगवान परशुराम किसी वर्ग-विशेष के नहीं, समस्त समाज के आराध्य

सहकारिता मंत्री ने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर चीका में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका





**गुहला-चीका।** पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा को सम्मानित करते समाज के लोग व भगवान परशुराम जयंती समारोह को संबोधित करते पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

हरियाणा के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। परशुराम किसी वर्ग-विशेष के नहीं अपितु पूरे समाज के आराध्य हैं। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष कर सर्वसमाज के हित में कार्य किया। उन्होंने सभी लोगों से भगवान परशुराम के जीवन को आत्मसात करने की बात कही।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा भगवान परशुराम धर्मशाला समिति चीका द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम तपोनिष्ठ, त्यागमूर्ति और पितृभक्त थे। उन्होंने केवल समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए। मंत्री शर्मा ने कहा समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा एकजुट रहने की जरूरत है। हमारी सरकार भी भगवान परशुराम जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है।

पूंडरी से विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें संदेश देता है कि ज्ञान और कर्म दोनों का संतुलन समाज को दिशा देता है। वे महान तपस्वी, वेदों के ज्ञाता और महान योद्धा भी थे। आज हम विकसित भारत-विकसित हरियाणा को बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब भगवान परशुराम के आदर्श और संदेश हमें यह मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमारी भाषा और संस्कृति हमारी आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का परचम पूरे विश्व में है। हम भारत को विश्व गुरू बनाएंगे। सभी वर्गों को न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो, इसी नीति पर हरियाणा सरकार कार्य कर रही है। हमें अपने युवा वर्ग को नशे से दूर रखना है। उन्होंने 11 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इस मौके पर प्रधान जयभगवान शर्मा, नपा चेयरपर्सन रेखा रानी, टेक चंद शर्मा, राजेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रवीण शर्मा, हरिश कौशिक, श्री श्री 1008 महंत संत पुरी जी महाराज, महामंडलेश्वर ब्रहमानंद गिरी जी महाराज, राजेश शर्मा मौजूद रहे।

### ऋषियों व महापुरुषों ने रखी नींव

डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत दुनिया को योग, आयुर्वेद और शांति का मार्ग दिखा रहा है। भगवान परशुराम जी जैसे ऋषि-मुनियों और महापुरुषों ने ही एसी विरासत की नींव रखी थी। उन्होंने ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा समाज को जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाला समाज है। ब्राह्मण समाज ने सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी कार्य किए, जिनमें समाज के प्रबुद्धजनों ने अपना योगदान दिया।

### सरकार गरीबों के उत्थान को समर्पित

डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार गरीब उत्थान की दिशा में काम कर रही है। कैथल के सांपन खेड़ी में करोड़ों की लागत से भगवान परशुराम के नाम से मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियां पारदर्शी रूप से प्रदान की है और हरियाणा के युवाओं को काफी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया है, जिससे बच्चों की प्रतिभा में निखार आएगा।



जींद डिपो पर खड़ी रोडवेज बसें।

# जींद से असंध के लिए नई बस शुरू, खुशी

- सुबह साढ़े पांच बजे असंध के लिए रवाना होगी बस
- यात्रियों की मांग पर चलाई गई स्पेशल बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज डिपो ने जींद से असंध के लिए नई बस शुरू की है। जींद बस स्टैंड से असंध के लिए सुबह साढ़े पांच बजे बस रवाना होगी। जो कंडेला, शाहपुर, नगूरां, अलेवा के रास्ते असंध पहुंचेगी। असंध से लगभग साढ़े छह बजे वापस में जींद के लिए रवाना होगी। फिर जींद बस स्टैंड से सुबह साढ़े आठ बजे यह बस दिल्ली के लिए रवाना होगी। जो गोहाना के रास्ते जाएगी। यह बस चलने पर यात्रियों को सुविधा होगी।

गौरतलब है कि जींद डिपो में इस समय रोडवेज बसों की संख्या लगभग 160 है। लगभग इतनी ही प्राइवेट बस जिले में असंध, नरवाना, गोहाना, हांसी रूटों पर चल रही हैं। जींद से असंध रूट पर 16 प्राइवेट बस शामिल हैं। इस रूट पर रोडवेज बसों की संख्या कम है। प्राइवेट बस में यात्रियों के साथ कई बार दुर्व्यवहार की शिकायत आती रहती हैं। जींद से असंध के बीच करीब 45 किमी. की दूरी तय करने में लगभग एक घंटे का समय लग जाता है। यात्रियों की मांग पर जींद डिपो ने असंध के लिए रोडवेज बस शुरू की है।

जो अल सुबह जींद से असंध के लिए रवाना होगी। असंध से वापसी में कंडेला, शाहपुर, नगूरां और अलेवा के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। वहीं बस जींद आने के बाद गोहाना के रास्ते दिल्ली जाएगीए जिसमें यात्री कम समय में दिल्ली पहुंच पाएंगे। जबकि रोहतक, बहादुरगढ़ के रास्ते दिल्ली जाने पर बस को लगभग साढ़े तीन घंटे लग जाते हैं।

### यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। यात्रियों की सुविधा के लिए जींद से असंध के लिए सुबह के समय बस शुरू की गई है।

# सालासर धाम के लिए पहली पारिवारिक बस हुई रवाना

- नपा चेयरपर्सन बबली ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



**पूंडरी।** बस यात्रा को हरी झंडी दिखाती चेयरपर्सन बबली गोस्वामी।

**पूंडरी।** नगर में धार्मिक और सामाजिक सद्भावना को प्रोत्साहन देने हेतु पूंडरी से खाटूधाम व सालासर धाम के लिए पहली बार पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया गया। यह विशेष यात्रा नगरवासियों के सामूहिक कीर्तन एवं दर्शन की भावना से प्रेरित है। इस पुनीत यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित देवराज शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने यात्रियों को यात्रा से पूर्व धर्म, श्रद्धा और भक्ति के महत्व से अवगत कराया। इस बस यात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा हेतु 1800 रुपए का नाममात्र शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें यात्रियों के लिए भोजन, ठहरने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# सुरक्षा समिति की बैठक में छाई चोरी की घटनाएं

- बैठक में पहुंचे सदस्यों ने कस्बे में बढ़ती चोरी की घटनाओं का उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** पुलिस स्टेशन में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा पहलुओं से जुड़ी बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी, जन प्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता।

कलायत में अमन-चैन और सुरक्षा के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए पुलिस स्टेशन में नगर पालिका जन प्रतिनिधियों और समाजसेवी संगठनों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने की। इस दौरान पहलगाम की आंतकी घटना में जान गंवाने वालों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। थाना प्रभारी ने कहा कि घटना को लेकर सरकार गंभीर है। कुछ लोग सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से तनाव एवं अशांति का माहौल बनाने का प्रयास करते हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था में समस्या आती है। इसलिए जन प्रतिनिधि, समाज सेवी संगठन और आम लोग जागरूक नागरिक की भूमिका अदा करें। बैठक में कलायत शहर में चोरी की घटनाओं के खिलाफ फास्ट ट्रैक से ठोस कार्यवाही की मांग का मुद्दा भी मुख्य रूप से उठा। जन प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर थाना प्रबंधक से चोरी व आपराधिक घटनाओं के संबंध में त्वरित संज्ञान लेने की मांग की। इससे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चोरों की गतिशीलता क्षेत्र में बढ़ रही है वह गंभीर विषय है। इसके मद्देनजर पुलिस ठोस कदम उठाते हुए चोरों को काबू करे। इससे पुलिस पर जनता का विश्वास बढ़ेगा। चोरी की घटनाएं समाज में अपराध को बढ़ावा देती हैं। क्योंकि अकसर चोरी के वाहनों को आपराधिक घटनाओं में इस्तेमाल किया जाता है। जन प्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों से चोरी व अन्य आपराधिक घटनाओं को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी ने विश्वास दिलाया कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मामले में किसी प्रकार की चूक नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से व्यवस्था को सुदृढ़ रखने में सहयोग की अपील की।

### कबाड़ी से नकदी और चांदी का कड़ा लूटा

**कैथल।** गांव चंदाना के टी पॉइंट के पास दो युवा एक कबाड़ बेचने वाले से 8000 की नगदी तथा चांदी का कड़ा लूटकर फरार हो गए। नानकपुरी कॉलोनी खुराना के छिंदा ने आरोप लगाया है कि 28 अप्रैल को शाम करीब 3:15 बजे उसके पास प्रवीण नामक युवक ने फोन कर उसे सामान बेचने के एि चंदाना के टी पॉइंट के पास बुलाया। रास्ते में टी प्वाइंट के पास दो लड़कों ने कबाड़ी का सामान देने के बदले 5000 मांगे व सामान दिखाने तितरम मोड की तरफ ले गए। कुछ दूर चलते ही उसके साथ मारपीट कर 8000 रुपये व चांदी का कड़ा छीनकर फरार हो गए। एसआई जय भगवान ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच कर रहे हैं।

### कालेज अनुदेशक ने लौटाया मोबाइल फोन

**कैथल।** पाडला के ड्राइविंग कालेज के अनुदेशक मजेंद्र सिंह ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सामने सड़क पर मिला हजारों का मोबाइल उसके मालिक को लौटा ईमानदारी का परिचय दिया है। जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र के प्राध्यापक कश्मीर सिंह ने बताया कि वह किसी काम से कैथल आए थे। जब वह आटो से कैथल के लघु सचिवालय के सामने से गुजर रहे थे तो अचानक उनका मोबाइल फोन जेब से नीचे गिर गया। पिहोवा चौक पर जाकर उसने देखा तो उसका मोबाइल नहीं था। इस पर जब उसने काल की तो उस पर पाडला के ड्राइविंग कालेज के अनुदेशक मजेंद्र सिंह ने बात की।

# धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम की जयंती

- पूंडरी में श्री ब्राह्मण कल्याण समिति ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी





**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा को स्मृति चिह्न भेंट करते प्रधान अश्विनी कौशिक व अन्य।

श्री ब्राह्मण कल्याण समिति पूंडरी द्वारा भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक उत्साह के साथ भव्य रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर चेतन पुरी जी महाराज भी विशेष रूप से मौजूद रहे, जिनकी आध्यात्मिक उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया।

अध्यक्षता समिति के प्रधान अश्विनी कौशिक ने की। उन्होंने समाज में एकता, संस्कार और संस्कृति के संरक्षण पर जोर देते हुए भगवान परशुराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक सतपाल जांबा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी धर्म, न्याय और वीरता के प्रतीक हैं और उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। समिति को ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोडने और गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निम्न समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा, जिनमें जीतराम शर्मा, अश्विनी कौशिक, अरविंद शर्मा, अजय पाठक, संजय शर्मा, जोगिंद्र शर्मा, रविदत्त शर्मा, राजेश शर्मा, शिवदत्त आत्रेय, सतीश कौशिक, जोनी शर्मा, अंकित कौशिक, जीवन भारद्वाज, राजीव, अश्वनी शर्मा, सुनील शर्मा, ईशु कौशिक, आकाश शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, नरेंद्र भारद्वाज तथा कृष्ण शर्मा अन्य सदस्य शामिल रहे। इस मौके पर हवन व धार्मिक कार्यक्रम हुए।

# सोनू को इनेलो युवा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जताई खुशी



**राजौंद।** कार्यक्रम में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष व अन्य।

**राजौंद।** सोनू वर्मा राजौंद को इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकतार्ओं ने खुशी जाहिर की। इस दौरान सोनू वर्मा ने समर्थकों सहित रामपाल माजरा के निवास पर पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। पूर्व संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है सोनू वर्मा अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे, उन्होंने इसके लिए सबको शुभकामनाएं दी।नव नियुक्त जिला प्रधान सोनू वर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा उन्हें दी गई है वह उसे निष्ठा से निर्वाह करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कार्यकतार्ओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़कर पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे। सोनू वर्मा ने कहा कि वह पार्टी के प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# पेंशन फार्म में खामी मिलने पर उसे शीघ्र करवाएं ठीक

- विधवा सेल की मासिक समीक्षा बैठक का किया आयोजन

**जींद।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीजेएम मोनिका ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर विधवा सेल सिस्टम के तहत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। विंडो सेल की मदद से महिलाओं के जीवनस्तर को सुधारने का प्रयास किया जाए। सरकार द्वारा विधवा महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें पेंशन तथा ऋण संबंधी योजनाएं प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ विधवा महिलाओं को मिले। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि यदि पेंशन फार्म में किसी प्रकार की कमी हो तो संबंधित महिलाओं को सूचित किया जाए और उनकी कमियों को शीघ्र पूरा करवाया जाए। वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे महिलाओं और उनके बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान करें। उन्होंने बताया कि आगामी 10 मई को जिला एवं उपमंडल स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करें।

**कवायद** डीपीआईयू की बैठक आज, प्रमोट हुए बच्चों को लेकर जुटाई जाएगी जानकारी

# पठन व पाठन में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत भागीदारी का शेडयूल जारी

स्कूल में छात्र संख्या 20 से ज्यादा नहीं होने पर तय होगी बीईओ की जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पठन व पाठन में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत भागीदारी को लेकर निपुण हरियाणा मिशन के एफ एलएन कार्यक्रम के तहत डीपीआईयू (जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई) की बैठक का शेड्यूल जारी हुआ है। जिसमें सभी बच्चे निपुण लक्ष्य प्राप्त कर सकें। इसको लेकर 30 अप्रैल को डीपीआईयू बैठक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में होगी। बैठक में क्लस्टर हेड विजिटए स्टूडेंट अकाउंट आउटकम, रिव्यू ऑनलाइन दीक्षा कोर्स, साप्ताहिक कार्य योजना, सीपीआईयू व बीपीआईयू बैठक रिकॉर्ड के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा राजकीय स्कूलों में चल रहे दाखिला प्रक्रिया पर चर्चा होगी। इसमें 20 से छात्र संख्या वाले स्कूलों के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा। अगर किसी स्कूल में छात्र संख्या 20 से ज्यादा नही होगी तो उसके बारे में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित में जवाब देना होगा। वहीं आंगनबाड़ी के कितने बच्चों को बाल वाटिका में दाखिला और राजकीय स्कूलों के पांचवीं से छठी कक्षा व आठवीं से नौवीं से कक्षा में कितने विद्यार्थी प्रमोट हुए हैं, इसके बारे में चर्चा होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि पठन व पाठन में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत भागीदारी होए जिसमें सभी बच्चे निपुण लक्ष्य प्राप्त कर सकें। विद्यार्थियों को धारा प्रवाह पठन का ज्यादा से ज्यादा अभ्यास करवाएं। मौखिक भाषा विकास और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को अधिकाधिक बोलने का अवसर प्रदान करें। निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए माता-पिता का सहयोग भी लें। शिक्षक-अभिभावक बैठकों का एक अंतराल के बाद आयोजन सुनिश्चित करें और बच्चों की प्रगति पर चर्चा करें। विद्यार्थियों की गुणवत्ता में सुधार को नवाचारों का प्रयोग करें। छोटी व महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों से प्रतिदिन सांझा करें।

### बेहतर शिक्षा पर होगी चर्चा



एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि एफ एलएन के तहत 30 अप्रैल को जिला मौलिक शिक्षा अधकारी कार्यालय में डीपीआईयू की बैठक होगी। इसमें विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने और उनकी कमियों को दूर करने को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही स्कूलों में कितने दाखिले हुए हैं और जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम है, उन्हें बढ़ाने बारे विचार विमर्श होगा।